# प्रादेशिक समाचार
## 16.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्य के विभिन्न जिलों में निकाली गई तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, गिरिडीह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–भारत सुरक्षित हाथों में, सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब।
2. रांची में आयोजित किया गया आजसू का मिलन समारोह, बड़ी संख्या में युवाओं ने ली पार्टी की सदस्यता।
3. खूंटी में कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन, सांसद कालीचरण मुंडा ने वनोपज आधारित स्वरोजगार की संभावनाओं पर दिया जोर।
4. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता, टीएसपीसी कमांडर समेत दो नक्सली गिरफ्तार, हथियार और पर्चा बरामद।
5. जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एसआर डीएवी पुंदाग के खिलाड़ियों ने जीते 12 पदक।

****************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में आज गिरिडीह में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित है और सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है।
इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर रवींद्र राय ने सेना के शौर्य को सलाम किया और कहा कि देश मजबूत हाथों में है।

****************

इधर धनबाद में भी 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का समर्थन करते हुए कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से भारतीय सेना का हौसला बढ़ाया ओर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। मौके पर कांग्रेस नेता और समाजसेवी भी मौजूद थे और सभी ने सेना की बहादुरी की प्रशंसा की।

उधर उपराजधानी दुमका में भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में यज्ञ मैदान से वीर कुंवर सिंह चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

****************

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के रूप में आकाशवाणी समाचार ने विशेष श्रृंखला शुरु की है। आज हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडे को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया था।

****************

रांची स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आज मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने नए सदस्यों का स्वागत किया और युवाओं की भागीदारी को सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

इसके साथ ही आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने राज्य सरकार की नई शराब नीति की कड़ी आलोचना की और इसे शिबू सोरेन के विचारों के खिलाफ बताया।

****************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो से यूनिसेफ की भारतीय प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री ने मुलाकात की। इस मौके पर बच्चों के कल्याण, अधिकारों और युवाओं की भागीदारी पर भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा हुई।

****************

खूंटी मे आज विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच नियुक्ति पत्र, सिलाई मशीन और साइकिल का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चार तकनीकी सहायकों और नौ ग्राम रोजगार सेवकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही 218 सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सिलाई मशीन और 24 विद्यार्थियों को साइकिल दी गई। मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा ने वनोपज आधारित स्वरोजगार की संभावना पर जोर देते हुए सखी मंडल और किसानों के उत्पादों के लिए बेहतर बाजार व्यवस्था की जरूरत बताई।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी के सब–जोनल कमांडर दिवाकर गंझू समेत दो नक्सलियों को गम्हरिया के जंगल से गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों नक्सली लेवी वसूली और दहशत फैलाने की योजना बना रहे थे। खलारी डीएसपी के नेतृत्व में हुई छापेमारी में पुलिस ने दो देशी पिस्तौल, जिंदा गोली, मोबाइल, राउटर और टीएसपीसी का पर्चा बरामद किया है।

****************

रामगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग–33 पर एक गाड़ी से भारी मात्रा मे अवैध मादक पदार्थ जब्त किया। मादक पदार्थ को गाड़ी में विशेष चैंबर बनाकर छुपाया गया था और इसे बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि चुट्टूपालू घाटी के पास वाहन को रोककर कार्रवाई की गई।

****************

देवघर जिले के पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरजोरी, सिमलगढ़ा और कसरायडीह पंचायत में इंडस्ट्रियल हब बनाने की कवायद तेज कर दी गयी है।

***************

रांची में जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगिता में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग के खिलाड़ियों ने 12 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। सभी पदक विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर तापस घोष ने सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

*******समाप्त********